संख्या- 02/2025/3906/चार-2024

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

2-निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 01 जनवरी, 2025**

विषय:- सनातन गर्व - महाकुम्भ पर्व के आयोजन के अवसर पर संग्रहालयों की 100 उत्कृट कलाकृतियों की 3-डी स्कैनिंग, ए0आर0 एवं वी0आर0 का प्रयोग कर प्रदर्शन कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय के पत्र संख्या-953/उ0प्र0सं0नि0-(कुम्भ-2025)/2024-25पार्ट-I, दिनांक 27.12.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें सनातन गर्व - महाकुम्भ पर्व के आयोजन के अवसर पर संग्रहालयों की 100 उत्कृट कलाकृतियों की 3-डी स्कैनिंग, ए0आर0 एवं वी0आर0 का प्रयोग कर प्रदर्शन कराये जाने से संबंधित कार्य कराये जाने हेतु निम्नानुसार **रू0 2,62,19,600.00 (रूपये दो करोड़ बासठ लाख उन्नीस हजार छ: सौ मात्र)** की स्वीकृति का अनुरोध किया गया है :-

Sr. No.	Job Description	Unit	UOM	Unit Price	Amount (Rs.)
3D Scanning of Museum Artefacts					
1	3D scanning of Museum Artifacts [including Transport, Boarding and Lodging (TBL)]	100	Artefacts	14,000.00	14,00,000.00
2	Data Processing of Museum Artefacts	100	Artefacts	8,500.00	8,50,000.00
3	Documentation of Museum Artefacts	100	Artefacts	6,500.00	6,50,000.00
3D Printings of Museum Artefacts					
4	3D Printing of Museum Artefacts (6 inches in height)	50	Artefacts	15,000.00	7,50,000.00
5	3D Printing of Museum Artefacts (15 inches in height)	50	Artefacts	20,000.00	10,00,000.00
Digital Museums of UP in VR					
6	UI/UX Design of a single platform	1	Unit	6,50,000.00	6,50,000.00
7	3D Space Development (virtual world) for each museum	5	Museum	7,50,000.00	37,50,000.00
8	Integrated Software developoment for all 5 Museums & 100 Artefacts	1	Unit	27,00,000.00	27,00,000.00
9	VR Headset	5	Headsets	1,70,000.00	8,50,000.00
Digital Interaction with UP Museum Artefacts (AR Application)					
10	UI/UX Design of Single Mobile AR Application	1	Unit	6,50,000.00	6,50,000.00
11	Integrated Mobile AR App development for all 5 Museums & 100 Artefacts	1	Unit	14,50,000.00	14,50,000.00
Digital Movies fo UP State Museums					
12	Onsite Data Capture of all 5 Museums	5	Museums	5,50,000.00	27,50,000.00
13	Script Writing and research	5	Museum	3,00,000.00	15,00,000.00
14	Post-production for 5 Movies, 3 minutes each	5	Movies	2,50,000.00	12,50,000.00
				Sub total	**2,02,00,000.00**
				UPDESCO margin @10%	20,20,000.00
				Total cost including UPDESCO margin	**2,22,20,000.00**
				GST@18%	39,99,600.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

(Rs. Two crore sixty two lakh ninteen thousand six hundere only) Grand Total	**2,62,19,600.00**

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निदेशक, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय के उक्त प्रस्तावानुसार सनातन गर्व - महाकुम्भ पर्व के आयोजन के अवसर पर संग्रहालयों की 100 उत्कृट कलाकृतियों की 3-डी स्कैनिंग, ए0आर0 एवं वी0आर0 का प्रयोग कर प्रदर्शन कराये जाने से संबंधित कार्य कराये जाने हेतु उपरिलिखित सारणी के मदों के अनुसार **रू0 2,62,19,600.00 (रूपये दो करोड़ बासठ लाख उन्नीस हजार छ: सौ मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति शासन के पूर्व शासनादेश संख्या-3439/चार-2024-1823487, दिनांक 18 नवम्बर, 2024 द्वारा प्रदान की गयी प्रशासकीय स्वीकृति के क्रम में निम्न शर्तो/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) निदेशक, संस्कृति/ संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(3) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(5) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(6) स्वीकृत धनराशि का संबंधित को समयान्तर्गत भुगतान के उपरान्त यथाशीघ्र शासन को सूचित कराया जायेगा।

(7) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(8) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) संस्कृति निदेशालय में तकनीकी विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है, अत: किसी अन्य सरकारी संस्थान से तकनीकी विशेषज्ञों की सेवायें लेते हुए तकनीकी निविदा प्रपत्र तैयार कराते हुए वित्तीय औचित्य के मानकों एवं क्रय के संबंध में समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कर प्रस्तावित प्रदर्शनियों संबंधी कार्य पूर्ण करायी जायेगी तथा कराये गये कार्यों पर व्यय की गयी धनराशियों के बिल वाउचर सत्यापित कर व्यय की गयी धनराशि के बिल भुगतान हेतु संस्कृति निदेशालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

3. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान सं0-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-14-महाकुम्भ-2025-42-अन्य व्यय मद में उपलब्ध धनराशि से किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या - 02/2025/3906(1)/चार-2024 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. प्रधान महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0डेस्को, लखनऊ।
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
संयुक्त सचिव

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।